D 11794-B **(Pages : 3)** **Name.......................................**

Reg. No...................................

THIRD SEMESTER (CUCBCSS-UG) DEGREE EXAMINATION NOVEMBER 2021

Hindi (B.A./B.Sc.)

HIN 3A 09(01)—LITERATURE IN HINDI

(2014—2015 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए : (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'इनमें हिन्दी के प्रसिद्ध व्यंग्यकार कौन हैं ?

(मोहन राकेश, अज्ञेय, हरिशंकर परसाई, अमृतलाल नागर)

2 पंडित अलोपीदीन किस रचना का पात्र है ?

(भगत की गत, वह चीनी भाई, विज्ञापन युग, नमक का दारोगा)

3 'ए.बी.सी.डी' का रचनाकार कौन है ?

(ममता कालिया, कात्यायनी, भीष्म साहनी, रवीन्द्र कालिया)

4 इनमें छायावाद का प्रतिष्ठित कवि कौन है ?

(बच्चन, निराला, धूमिल, कीर्ति चौधरी)

5 कबीर के गुरू कौन थे ?

(रैदास, रामानंद, गोरखनाथ, स्वयंभू)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 'सूरदास की सर्व प्रसिद्ध रचना कौन-सी है ?

7 'जहाँ आकाश नही' दिखाई देता' का रचनाकार कौन है ?

Turn over

132688

8 'वह चीनी भाई' गद्य की किस विधा की रचना है ?

9 'औरतें' कविता का कवि कौन है ?

10 'धूल की तरह सच' कविता का कवि कौन है ?

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 जग की निस्सारता के संबंध में कबीर की क्या अवधारणा है ?

12 ग्राम वधु से माँ, मौसी और सखियाँ क्या-क्या कहती हैं ?

13 'कुत्ते के पिल्ले के समान ही वह घुटनों के बल खडा रहता और हँसने रोने की विविध मुद्राओं का अभ्यास करता ।' ये पंक्तियाँ किस रचना से उद्धृत हैं ? इन पंक्तियों में लेखक किसकी हालत का वर्णन कर रहा है ?

14 'बसों पर बसें चली जा रही हैं । ट्रामें धडधडाती अग्नि-स्फुलिंग आकाश में उडती निरंतर दौड़ रही है' ।—यह प्रसंग किस रचना से उद्धृत है ? इस प्रसंग में किस जगह का वर्णन है ?

15 सूरदास के अनुसार भगवान की कृपा से क्या-क्या हो सकते हैं ?

16 'अलसता की सी लता
किंतु कोमलता की वह कली'—ये पंक्तियाँ किस कविता की है ? इस प्रसंग में कवि किसका वर्णन कर रहा है ?

17 'दुनिया आँसू पसंद करती है ।
मगर शोख चेहरों के' ।—ये पंक्तियाँ किस कविता की है ? इसका कवि कौन है ?

18 रचनाओं के विषय के संबंध में कवि मुक्तिबोध क्या विचार प्रकट कर रहे हैं ?

19 'माँ को समझाइश के बाद
दक्षिण दिशा में पैर करके मैं कभी नहीं सोया'—माँ ने कवि को क्या समझाया था ?

20 'मैंने हजारों रईस और अमीर देखे, हजारों उच्च पदाधिकारियों से काम पडा । किंतु मुझे परास्त किया तो आपने' ।
—यह प्रसंग किस रचना से उद्धृत है ? ये वाक्य कौन किससे कहता है ?

21 भगवान की दृष्टि में भगत कैसे रमानाथ मास्टर का हत्यारा हो गया ?

22 लेखक की दृष्टि में अजंता के चित्र और ऐलोरा की मूर्तियों की नई सार्थकता क्या है ?

(10 × 2 = 20 marks)

132688

III. किन्हीं **चार** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

23 सतगुरा सांचा सूरिवां, तातैं लोहि लुहार ।
कसनी दे कंचन किया, ताइ लिया ततसार ॥

24 अर्द्ध रात्रि की निश्चलता में हो जाती वह लीन,
कवि का बढ़ जाता अनुराग,
विरहाकुल कमनीय कंठ से
आप निकल पड़ता तब एक विहाग ।

25 आज की दुनिया में
विवशता,
भूख,
मृत्यु
सब सजाने के बाद ही
पहचानी जा सकती है ।

26 मुझे लगता है कि मेरे चारों ओर हर चीज़ का एक नया मूल्य उभर रहा है, जो उसके आज तक के मूल्य से सर्वथा भिन्न है और जो उसके रूप को मेरे लिए बिलकुल बदले दे रहा है ।

27 मनुष्य को संसार में बांधने वाला विधाता माता ही हैं इसी से उसे न मानकर संसार को न मानना सहज है ।

28 वे तो अपने चीज़ का विज्ञापन करते हैं । तुम क्या मेरा विज्ञापन करते थे ? मैं क्या कोई बिकाऊ माल हूँ ।

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 'नमक का दारोगा' कहानी की समीक्षा कीजिए ।

30 'औरतें' कविता के आधार पर वर्तमान नारी जीवन की विसंगतियों पर प्रकाश डालिए ।

31 'ए.बी.सी.डी' उपन्यास पश्चिम में रह रहे प्रवासी भारतीयों के सांस्कृतिक संकट से हमें रू ब रू कराता है । इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

(2 × 15 = 30 marks)